कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा- प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया

by admin · August 19, 2020 · 0 · 42

SHARE 1



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा- प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया
जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें किसान भाई, अधिकारी डीलरों पर रखें सतर्क दृष्टि, छापेमारी करते रहें
अनियमितता एवं दोषी पाए जाने पर कार्यवाही के साथ अभियोग पंजीकृत कराएं
जहां उर्वरक की मांग अधिक हो विभागीय कर्मियों की ड्यूटी लगा कर आपूर्ति कराएं
यह सुनिश्चित हो कि निर्धारित खुदरे मूल्य पर उपलब्ध हो उर्वरक, काला बाजारी बर्दाश्त नहीं

प्रखर विकास
लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता है। किसान भाई जरूरत के हिसाब से उर्वरक की खरीदारी करें। सरकार के लिए किसान का हित सर्वोपरि है और इस दिशा में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही प्रशासनिक व विभागीय स्तर पर अक्षम्य है। कृषि मंत्री शाही बुधवार को कृषि निदेशालय में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने सरकार के किसान हित की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही वर्तमान में उर्वरक की उपलब्धता के बारे में भी विस्तार से बताया। पत्रकारों के सवालों पर कहा कि सूबे में उर्वरक की पर्याप्त व्यवस्था है और मातहतों को सख्त निर्देश है कि किसी भी सूरत में डीलर काला बाजारी ना करने पाएं, इसके लिए चौकन्ना रहें। लगातार छापामारी कर किसानों में संदेश दिया जाए कि शासन और प्रशासन की ओर से किसानों को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।
इससे पूर्व विभाग के आला अधिकारियों की बैठक में मंत्री श्री शाही ने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में मातहतों से पूछताछ की। उन्हें जानकारी दी गई कि चालू खरीफ, 2020 के अगस्त माह तक के लक्ष्य 22.89 लाख मी0टन के सापेक्ष अभी तक 27.31 लाख मी0टन यूरिया प्रदेश को उपलब्ध हो चुकी है, जो 119 प्रतिशत है। इस वर्ष अभी तक 20.42 लाख मी0टन यूरिया का वितरण किया गया है, जबकि गतवर्ष इसी अवधि में वितरण 15.16 लाख मी0टन रहा है।

अब तक गतवर्ष के सापेक्ष 5.00 लाख मी0टन से अधिक खपत प्रदेश में हुई है, जो गतवर्ष की खपत से 35 प्रतिशत अधिक है। इसका मुख्य कारण अप्रैल, मई एवं जून माह में अच्छी वर्षा, मौसम की अनुकूलता एवं क्षेत्राच्छादन में वृद्धि रहा। इसी प्रकार प्रदेश में चालू खरीफ 2020 के माह अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य 4.54 लाख मी0टन आवंटन के सापेक्ष 10.77 लाख मी0टन डी0ए0पी0, 1.59 लाख मी0टन लक्ष्य के सापेक्ष 3.08 लाख मी0टन एनपीके एवं 0.64 लाख मी0टन आवंटन के सापेक्ष 0.74 लाख मी0टन एम0ओ0पी0 उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है, जो क्रमश: लक्ष्य का 237, 193, 115 एवं 226 प्रतिशत है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सहकारिता क्षेत्र में 2.00 लाख मी0टन यूरिया उर्वरक का स्टाक उपलब्ध है, जिन जनपदों में यूरिया उर्वरक की मांग बढ़ी हुयी है, वहां पर 50 प्रतिशत तक यूरिया अवमुक्त करते हुए साधन सहकारी समितियों पर भेजकर कृषकों को उपलब्ध कराया जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि सहकारिता, यूपी स्टेट एग्रो, गन्ना संघ के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं यथा उद्यान, एग्रीजंशन, आईएफएफडीसी एवं इफको ई-बाजार को भी इफको एवं कृभको की यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराई जाये।
उर्वरक वितरण शतप्रतिशत पी0ओ0एस0 के माध्यम से कराया जा रहा है। कृषि मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि सतर्क दृष्टि रखते हुए जिन जनपदों में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये।
यह निर्देश दिये गये है कि उर्वरकों की बिक्री कृषकों की पहचान के आधार पर उनकी जोत बही में अंकित कृषित भूमि एवं फसलवार संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराये जाएं, ताकि महंगे उर्वरको का असंतुलित प्रयोग एवं कृषि के अतिरिक्त अन्य कार्यों में दुरूपयोग को नियंत्रित किया जा सके। क्रेता कृषकों को उर्वरक खरीद की पर्ची/कैश मेमों आवश्यक रूप से प्राप्त करने हेतु जागरूक किया गया है। जहां उर्वरक की मांग अधिक है, वहां क्षेत्रीय अधिकारियों/कर्मचारियों की डयूटी लगाकर उर्वरक के बोरों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही उर्वरकों की बिक्री/वितरण सुनिश्चित कराया जाएं, ताकि कोई उर्वरक विक्रेता किसानों से उर्वरकों की निर्धारित खुदरा मूल्य दर से अधिक मूल्य न ले सके।